प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 13.06.2026

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या की घटना कारित करने वाली वांछित 01 अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 12.06.2026 को थाना मंगलपुर पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्तगण द्वारा मुकदमा वादी की पड़ोसी ज्योति पुत्री मान सिंह की हत्या करके शव को छिपाने के लिये कार में लादकर ले जाकर सेंगुर नदी में फेंक देने के संबंध में दी गयी । जिसके आधार पर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पर मु0अ0स0 156/2026 धारा 103(1)/238ए बीएनएस बनाम रेखा देवी आदि 04 नफर अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्ता रेखा देवी पत्नी वीरू निवासी ग्राम चन्द्रकुरा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 13.06.2026 को ग्राम महोई के टैम्पो स्टैड थाना क्षेत्र मंगलपुर से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता का विवरण-

1. रेखा देवी पत्नी वीरू उम्र करीब 26 वर्ष निवासिनी ग्राम चन्दकुरा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात ।

पूछताछ अभियुक्ता – ने बताया कि उसका पति वीरू पुत्र मानसिंह बाहर रहकर मजदूरी करता है। मेरे अपने देवर मिलन के साथ अवैध सम्बन्ध हो गये थे। दिनांक 05.06.2026 को घर पर अकेले होने के दौरान हम दोनों आपत्तिजनक स्थिति में थे, तभी ननद ज्योति ने देख लिया और विरोध करने लगी। पकड़े जाने के भय से मैने व मिलन ने धारदार चाकू से ज्योति की हत्या कर दी। घटना के बाद हम दोनों ने अपने ससुर मान सिंह को जानकारी दी। इसके पश्चात मान सिंह, मिलन व मिलन के रिश्तेदार सुनील उर्फ मौला उनके साथ अज्ञात कार चालक की सहायता से शव को दरी में लपेटकर उसी में चाकू को साथ रखकर कार से ले जाकर ज्योति के शव को सेंगुर नदी में फेंक दिया था। दिनांक 08.06.2026 को पुलिस को ज्योति का शव मिलने की जानकारी मिलने पर हम सभी लोग घर से भाग गये थे। आज मेरी व मिलन की मुलाकात रेलवे स्टेशन झींझक पर होनी थी, जहां से दोनों मुंबई भागने की फिराक में थे, किन्तु उससे पहले ही आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री महेश कुमार दुबे
2. रि0का0 560 सचिन कुमार
3. रि0का0 924 कुमरपाल
4. रि0का0 325 कृष्णअवतार
5. म0का0 1385 अंशू राजपूत
6. चालक हे0का0 357 सुरजेश